NEWS STATE

पत्नी को कोरोना का था डर...बार-बार बुलाने पर भी नहीं आई तो पति ने उठाया ये खतरनाक कदम

एक दर्दनाक घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर से सामने आई है. यहां एक महिला ने जब कोरोना के डर से अपने पति से मिलने से मना कर दिया तो शख्स ने खुदकुशी कर ली.

News Nation Bureau | Edited By : Nitu Pandey | Updated on: 17 May 2020, 03:41:29 PM

COVID-19
GLOBAL
Detected: 5905415
Active: 2963700
Recovered: 2579691
Death: 362024

शख्स ने खुदकुशी की (Photo Credit: प्रतिकात्मक फोटो)



नई दिल्ली : कोरोना वायरस (Coronavirus) लोगों के अंदर डर बन कर बैठ गया है. उठते-जागते और सोते लोग इस किलर वायरस के बारे में सोच रहे हैं. लोगों के अंदर उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता पैदा होने लगी है. इसकी वजह से लोग आत्महत्या भी करने लगे हैं. ऐसा ही एक दर्दनाक घटना उत्तर प्रदेश (uttar pradesh) के जौनपुर से सामने आई है. यहां एक महिला ने जब कोरोना के डर से अपने पति से मिलने से मना कर दिया तो शख्स ने खुदकुशी कर ली.

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जय कुमार मौर्य मुंबई से चार दिन पहले घर लौटा था. उसे होम क्वारंटाइन करके रखा गया था. अलग एक कमरे में जय को रखा गया था. उसकी पत्नी खिड़की से उसे देखती थी, लेकिन पास नहीं जाती थी. कोरोना के डर की वजह से वो अपने पति से नहीं मिल रही थी. जय का अकेलापन उसे चिड़चिड़ा कर रहा था.

इसे भी पढ़ें: शहरी इलाकों में संक्रमण रोकने के लिए राजनीतिक, धार्मिक नेताओं की मदद लेगी सरकार

15 मई की रात में जय अपनी पत्नी को कमरे में बुलाया. लेकिन महिला ने कमरे में आने से मना कर दिया. उसने कहा कि रिपोर्ट का इंतजार कर लेते हैं. जय बार-बार अपनी पत्नी से विनती करता कि वो उसके पास आए. लेकिन वो नहीं मानी. कोरोना के डर से बार-बार पति के बुलाने के बावजूद वो नहीं गई. जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा होने लगा.

इसके बाद पत्नी सोने चली गई. लेकिन जय इतना आहत हुआ कि वो घर के पास ही पेड़ से लटक कर जान दे दी. सुबह जब लोगों को जय का शव पेड़ पर लटका मिला तो कोहराम मच गया. पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंची और उसका शव नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. पुलिस की मानें तो शुक्रवार की रात शख्स पत्नी को मिलने के लिए बुला रहा था लेकिन उसने मना कर दिया. जिसके बाद उसने अपनी जिंदगी को खत्म कर दिया.

और पढ़ें: राजस्थान में कोरोना वायरस संक्रमण से दो और मौत, 123 नये मामले आए सामने

ये पहला मामला नहीं है जब कोरोना के डर की वजह से किसी ने सुसाइड किया है. इससे पहले भी कई केस सुसाइड के आ चुके हैं. कोरोना मानसिक बीमारी का भी रूप लेने लगा है. इससे बचने के लिए ज्यादा से ज्यादा परिवारवालों से बात करें. घर में हैं तो एक्टिविटी करें. ये बुरा वक्त है गुजर जाएगा ऐसा सोचकर खुश रहने की कोशिश करें.

For all the Latest States News, Uttar Pradesh News, Download News Nation Android and iOS Mobile Apps.

First Published : 17 May 2020, 03:34:24 PM

Related Tags: Coronavirus Wife Suicide Lockdown Uttar Pradesh

COVID-19
GLOBAL
Detected: 5905415
Active: 2963700
Recovered: 2579691
Death: 362024

वीडियो

Khabar Cut to Cut: पाकिस्तानी मीडिया में मोदी -मोदी, देखें स्पेशल रिपोर्ट

IPL के 7वें सीजन में लगे सिर्फ 3 शतक, सहवाग ने जड़ी थी तूफानी सेंचुरी

Lakh Take Ki Baat : अमेरिका में श्वेत बनाम अश्वेत पर आंदोलन

FOLLOW US ON

DOWNLOAD APP

फोटो चुनाव

TERMS OF USE CAREER ADVERTISE WITH US COMPLAINT REDRESSAL CONTACT US FEEDBACK

SITEMAP

© 2020 NEWSNATION. ALL RIGHT RESERVED.

COVID-19

GLOBAL

Detected: **5905415**

Active: **2963700**

Recovered: **2579691**

Death: **362024**